VII-1 वार्षिक परीक्षा सन् 2024 ई० **A**

# हिन्दी

समय – 2.00 घण्टा कक्षा – 7 पूर्णांक – 100

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्न गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 6

मध्यम श्रेणी का साहस प्रायः शूरवीरों में पाया जाता है। वह उनके उच्च विचार और निर्भीकता को भली–भाँति प्रकट करता है। इस प्रकार के साहस वाले मनुष्यों में बेपरवाही और स्वार्थहीनता की कमी नहीं होती, परन्तु उनमें ज्ञान की कमी अवश्य पाई जाती है।

(क) मध्यम श्रेणी का साहस किसमें पाया जाता है?

(ख) साइस वाले मनुष्यों में किसकी कमी पाई जाती है?

(ग) मध्यम श्रेणी का साहर किसको प्रकट करता है?

अथवा

2. निम्न पद्यांश का अर्थ संदर्भ सहित लिखिए :– 6

जो अगणित लघु दीप हमारे<br>
तूफानों में एक किनारे,<br>
जल–जल कर बुझ गये, किसी दिन माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल।<br>
कलम, आज उनकी जय बोल।

3. किन्हीं दो खण्डों के उत्तर दीजिए– 8

(क) ताड़ के पत्ते किस रूप में दिखाई पड़ रहे हैं?

(ख) राजा द्वारा ली गयी परीक्षा में वनरक्षक किस प्रकार खरा उतरता है?

(ग) यशोदा बालक श्रीकृष्ण को किस प्रकार सुला रही हैं?

4. (क) किन्हीं दो शब्दों का प्रयोग अपने वाक्यों में कीजिए :– 6

तिरस्कार, यकीन, मुनासिव, रिश्वत।

(ख) निम्न वाक्यांशों के लिए एक–एक शब्द लिखिए :– 6

(अ) युग का निर्माण करने वाला।

(ब) जो सबको समान भाव से देखता हो।

(स) जिसका कोई खण्ड न हो सके।

(पृष्ठ पलटिए)

(ग) किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए :- 6

मूड़ मुड़ाते ओले पड़ना, काठ मार जाना, चोर से साहूकार होना।

(घ) निम्न शब्दों में समास-विग्रह कीजिए :- 6

दुबली-पतली, हाथ-मुँह, लड़के-लड़कियाँ।

(ङ) किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए :- 6

धरती, कलम, दीप, मुँह।

5. महान व्यक्तित्व भाग-2 के आधार पर किसी एक महापुरूष का वर्णन कीजिए। 6

6. अपनी पाठ्य-पुस्तक से याद की हुई किसी कविता की चार पंक्तियाँ अथवा कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। 8

7. निम्न अवतरण का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 12

अयं बालकः ध्रुवः अस्ति। अस्य जनकः महाराजः उत्तानपादः आसीत्। तस्य धर्मपत्नी सुनीतिः रूपवती गुणवती पतिव्रता च नारी आसीत्। सर्वसुखसम्पन्नः अपि राजा सन्ततिविहीनः तदर्थं चिन्तातुरः अभवत्। मतिमती सुनीतिः द्वितीयं विवाहं कर्तुं तम् अकथयत्। तस्याः विशेषाग्रहेण राजा द्वितीयं विवाहं सुरूच्या सह अकरोत्।

अथवा

यद् यदाचरति श्रेष्ठस्तत् तदेवेतरो जनः।
स यत् प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।

8. आप परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए हैं। अतः अपने पिताजी को एक पत्र लिखकर उन्हें सूचित कीजिए। 8

9. किसी एक विषय पर लगभग दो पृष्ठों का एक निबन्ध लिखिए :- 16

(क) त्यौहार होली

(ख) स्वदेश प्रेम

(ग) किसी की हुई यात्रा का वर्णन।